>

Title: Need to reopen sugar mills in Uttar Pradesh.

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): माननीय अध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं धन्यवाद देता हूं कि मुझ नए सदस्य को भी अपनी बात रखने का अवसर मिला है । मैं अपने कुशीनगर क्षेत्र की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं, जो इस देश के नेपाल और बिहार की सीमा से लगा है । देश के आखिरी क्षेत्र में विकास की किरणें भी पहुंचते-पहुंचते मंद हो जाती हैं । हमारे कृषक गन्ने की खेती पर आधारित हैं । जिसे पहले चीनी का कटोरा कहा जाता था, वहां गन्ना किसानों की सुविधा के लिए 8 शुगर मिल्स थीं । ये पूर्व की सरकारों के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गईं और 4 मिलें औने-पौने दामों पर बेच दी गईं । आज बढ़ती हुई पैदावार और घटती हुई चीनी मिल गन्ना किसानों के सामने संकट है । चूंकि हमारी सरकार का यह प्रयास है कि किसानों की पैदावार दोगुनी हो, उनकी कमाई दोगुनी हो, लेकिन एक तरफ बढ़ती पैदावार और दूसरी तरफ घटती चीनी मिले हैं । मेरा आपसे आग्रह है कि एक शुगर फैक्ट्री जो बंद है, जो कपड़ा मंत्रालय के अधीन है, उसको चालू किया जा जाए या फिर ढुंढई फार्म पर एक नई मिल दे दें, जिससे गन्ना किसानों का संकट दूर हो । मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।